# अध्यक्ष, सासाराम एवं आरा क्षेत्र (शाहाबाद) का प्रतिवेदन .....



परम आदरणीय अध्यक्ष जी, समारोह के उद्‌घाटनकर्ता, मुख्य अतिथि, महासचिव, मंचासीन अतिथिगण, विशिष्टजन, संरक्षकगण, केन्द्रीय/क्षेत्रीय पदाधिकारीगण, कार्यसमिति/ परामर्श दातृ समिति के सदस्यगण, संपादक मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, मौर्य कुशवाहा अभियंता भवन के पदाधिकारी/ सदस्यगण, उपस्थित सभी अभियंता, भाई-बहन, प्रियजन, परिजन, स्वजन, मंच संचालक एवं शुभेच्छु भाईयों। मौर्य कुशवाहा अभियंता भवन में हर्षोल्लास से परिपूर्ण इस बहु प्रतिक्षित 30 वीं वार्षिक आम सभा 2022 में आपका हार्दिक अभिनन्दन, पुनर्मिलन की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनायें।

प्यारे भाइयों एवं बहनों। ''अपने हुए परायें'' वाली बात होती रहती है, पर जब अपनों से डर लगने लगे, रिस्ते-नाते निरर्थक लगने लगें, ''पर द्रव्येषु लोष्ठवत'' नहीं बल्कि अपना द्रव्य भी मिट्‌टी के ढेले जैसा लगने लगे, दुनिया सारहीन प्रतीत होने लगे तो ऐसी बिकट परिस्थिति में जीवन की डायरी के कुछ पन्ने कोरे ही रह जायें तो कोई आश्चर्य नहीं उस हालत में फोरम की बैठकें करना और सदस्यों से संपर्क करना कल्पना से परे की चीज थी फिर भी हमने दिवाली तो नहीं मनायी, मगर एक अखण्डज्योति को जलाये रखा। हमारा फोरम जिन्दा है और उसे जिन्दा रखेंगे।

समयानुकुल नहीं होने पर भी हमने कुछ बैठकें की सदस्यों से सम्पर्क बनाये रखा तो उनका सहयोग भी मिला। निष्कर्ष (स्मारिका) आपके हाथों में है। जगदेव स्मृति छात्रवृति योजना और मैरेज ब्यूरो समाज के लिए एक आकर्षण हैं इससे जागृति फैल रही है और सम्बन्ध प्रगाढ़ हो रहा है।

आज हमारा फोरम शिखर पर पहुँच गया है। वह स्थिर नहीं हो जाये तथा सदस्यों में सिथिलता आने से पूर्व फोरम को और उँचाई पर ले जाने के लिए ''बुस्टर डोज'' की आवश्यकता महसुस होने लगी हैं आशा है केन्द्रीय नेतृत्व का ध्यान इस ओर भी जायगा। आप सवों का पुन: अभिनंदन करते हुए नई आशा और विश्वास के साथ आश्वस्त करना चाहूँगा कि शाहबाद क्षेत्र आपके साथ डटा रहेगा।

जय हिन्द!

जय कुशवाहा अभियंता फोरम!

**(राम बिलास सिंह)**
अध्यक्ष
सासाराम क्षेत्र